# समाचार वाणी

ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 30 September 2026


# 10वीं पास और महिलाओं के लिए सुनहरा मौका, झारखंड मे 3181 पदों पर निकली भर्ती, ऐसे करे आवेदन।

Publisher

Published on 11 Jul 2025




**झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के 3181 पदों के लिए आवेदन मांगे, 10वीं पास महिलाएं जल्द करे आवेदन, मिलेगी आकर्षक सैलरी और सरकारी नौकरी का मौका।**

**झारखंड :** झारखंड के युवाओं और खासकर महिलाओं के लिए शानदार अवसर सामने आया है। **झारखंड कर्मचारी चयन आयोग** (**JSSC**) ने राज्य में **महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता** (Female Health Worker) के **कुल 3181 पदों** पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती प्रक्रिया के तहत नियमित (Regular) और बैकलॉग (Backlog) दोनों प्रकार के पद भरे जाएंगे। अगर आप 10वीं पास हैं और स्वास्थ्य क्षेत्र में करियर बनाना चाहती हैं, तो यह आपके लिए बेहतरीन मौका है।

### कितनी पदों पर होगी भर्ती ?

जारी **नोटिफिकेशन** के अनुसार **कुल 3181 पद भरे जाएंगे,** जिनमें:

१. **3020 पद रेगुलर (Regular) श्रेणी मे है।**

२. **161 पद बैकलॉग (Backlog) श्रेणी के तहत भरे जाएंगे।**

### योग्यता क्या होनी चाहिए ?

इस भर्ती के लिए आवेदन करने के लिए निम्नलिखित योग्यताएं अनिवार्य हैं:

१. **किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वीं पास होना आवश्यक है।**

२. **महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) का 18 महीने का प्रशिक्षण पूरा किया हो।**

३. **झारखंड स्टेट नर्सिंग काउंसिल मे रंजिस्ट्रेशन अनिवार्य है।**

**आयु सीमा**
**न्यूनतम आयु :** 18 वर्ष

**अधिकतम आयु :** 40 वर्ष
आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार **आयु मे छूंट** मिलेगी।

**आवेदन शुल्क**
**सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस वर्ग:** ₹100
**एससी और एसटी वर्ग:** ₹50

**चयन प्रक्रिया**
उम्मीदवारों का चयन **लिखित परीक्षा** के माध्यम से किया जाएगा। परीक्षा की तारीख और सिलेबस की जानकारी जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी होगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे समय-समय पर वेबसाइट चेक करते रहें।

**वेतनमान**
चयनित उम्मीदवारों को **₹5,200 से ₹20,200 प्रतिमाह वेतन**, ग्रेड पे और अन्य भत्ते दिए जाएंगे।

**आवेदन प्रक्रिया**
इच्छुक उम्मीदवार नीचे बताए गए स्टेप्स के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं:
१. **आधिकारिक वेबसाइट** jssc.jharkhand.gov.in पर जाएं।
२. **रजिस्ट्रेशन करे ंऔर लॉग इन करे ं।**
३. **आवेदन फॉर्म को सही-सही भरे ं।**
४. **आवश्यक दस्तावेज़ जैसे फोटो, सर्टिफिकेट आदि अपलोड करे ं।**
५. **ऑनलाइन शुल्क का भुगतान करे ं।**
६. **फॉर्म को सबमिट करने के बाद उसका प्रिंटआउट सुरक्षित रखे ं।**

**महत्वपूर्ण सलाह**
यह भर्ती महिला उम्मीदवारों के लिए सुनहरा अवसर है। समय रहते आवेदन करें और स्वास्थ्य क्षेत्र में सरकारी नौकरी पाने का सपना पूरा करें।

महत्वपूर्ण लिंक:
आधिकारिक वेबसाइट: jssc.jharkhand.gov.in

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.